तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025



14 नगर में रजत महोत्सव महतारी मेगा हेल्थ कैंप लगा





13 मेजर ध्यानचंद जैसे खिलाड़ी बने युवा







# डाली ने नवाचारी प्रतिभा से देश में रोशन किया जिले का नाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले की छात्र डॉली साहू ने अपनी नवाचारी प्रतिभा से देश में जिले का नाम रोशन किया है। डॉली साहू की इस उपलब्धि पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने दूरभाष से चर्चा कर उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने डॉली से उनके इस नवाचार की विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्हें भविष्य में इस क्षेत्र में निरंतर उपलब्धि हासिल कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन करने प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने जिले की होनहार छात्र कुमारी डॉली साहू की इस उपलब्धि को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं असाधारण बताते हुए भूरि–भूरि सराहना की। चंद्रवंशी ने कुमारी डॉली साहू की इस उपलब्धि को संपूर्ण बालोद जिले के लिए गौरव बताते हुए उन्हें बहुत–बहुत शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि स्पेस किड्स मिशन, अटल इनोवेशन मिशन और नीति आयोग के सहयोग से आयोजित यंग साइंटिस्ट इंडिया प्रोग्राम में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद की छात्र डॉली साहू ने अपने अनूठे 'लाई–फाई प्रोजेक्ट' के साथ ग्रैंड ▸▸| शेष पेज 13 पर

## कलेक्टर ने डाली से चर्चा कर बढ़ाया मनोबल



### देशभर से आये 160 प्रोजेक्ट्स में डॉली का हुआ चयन

जिले में कार्यक्रम के नोडल पंकज सोनी ने बताया कि यंग साइंटिस्ट इंडिया प्रोग्राम कार्यक्रम का उद्देश्य हाई स्कूल छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना और उन्हें नवाचार के क्षेत्र में कैरियर के लिए प्रेरित करना है। इस आयोजन में देश भर से लगभग 5 हजार से अधिक प्रविष्टियों में से 160 प्रोजेक्ट्स को ग्रैंड फाइनल के लिए चुना गया, जिसमें डॉली का लाई–फाई प्रोजेक्ट शामिल है। यह उपलब्धि बालोद जिले के लिए गर्व का क्षण है और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।





## खबर संक्षेप

### शराब लदा वाहन पेड़ से टकराया, चालक घायल

**बालोद।** शराब का ट्रांसपोर्ट करने वाला वाहन पेड़ से टकराकर सड़क हादसे का शिकार हो गया, जिसमें चालक के पैर में गंभीर चोटे आई है। इसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग के तहत शराब का ट्रांसपोर्ट करने वाला ट्रक धमतरी से शराब का परिवहन कर जिला आबकारी भण्डार केन्द्र पहुंचा, जहां शराब खाली करने के बाद चालक अपने गांव मालीघोरी बनगांव चला गया, जहां सुबह तेज बारिश के बीच जब चालक वापस जिला आबकारी भण्डार केन्द्र पहुंचने के लिए निकला तो रास्ते में ग्राम तरौद के पास पेड़ से जा टकराया, जिसमें ट्रक के सामने का भाग क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार तेज बारिश के बीच रास्ते में फिसलन और रास्ता साफ न दिखने के कारण चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया और सड़क से लगे पेड़ से जा टकराया। जहां चालक के पैर में गंभीर चोट लगी। इसके बाद चालक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चालक का इलाज जारी है। वहीं ट्रक को क्रेन के माध्यम से बाहर निकाला गया।

### सुरक्षा गार्ड की स्थायी नौकरी के लिए जिले में लगेंगे शिविर

**बालोद।** पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने बताया कि क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर द्वारा एसएससीआई सिक्यूरिटी स्कील काउंसिल इंडिया लिमिटेड की ओर से आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत सुरक्षा गार्ड में स्थाई रोजगार देने जिले के विभिन्न स्थानों पर सितंबर में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पंजीयन शिविर का आयोजन थाना गुण्डरदेही में 2 सितंबर, थाना परिसर अर्जुंदा में 3 सितंबर, थाना परिसर बालोद में 4 सितंबर, थाना परिसर डौण्डीलोहारा में 6 सितंबर, थाना देवरी में 8 सितंबर, थाना परिसर मंगुचवा में 9 सितंबर, चौकी पिनकापार में 10 सितंबर, थाना सुरेगांव में 11 सितंबर, थाना पुरूर में 12 सितंबर, थाना गुरूर में 13 सितंबर तथा थाना रनचिरई में 15 सितंबर को सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदक को भर्ती से संबंधित आवश्यक दस्तावेज, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

### नहर में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**भिलाई।** नंदनी थाना अंतर्गत ग्राम हरदी में एक बुजुर्ग किसान की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक का नाम मिलन पिता खेरू राम पटेल (65 वर्ष) बताया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक मिलन पटेल गुरुवार को अपने खेत की देखभाल के लिए निकला था। जब वे लंबे समय तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। नहर के किनारे उनकी चप्पल मिलने के बाद डूबने की आशंका जताई गई।

## दुर्घटना

# ट्रक की ठोकर से बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत, चालक फरार

**बाइक चालक बेटी के साथ ससुराल देवरी बंगला जा रहे थे, अछोली के पास घटी घटना**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

थाना क्षेत्र के ग्राम अछोली में गुरुवार की शाम एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोन्डे थाना दल्ली राजहरा निवासी सुरेश नेताम 40 वर्ष अपनी 10 वर्षीय पुत्री कुमारी नैना नेताम के साथ बाइक से अपने ससुराल देवरी बंगला जा रहे थे। ग्राम अछोली के पास, एक तेज रफ्तार 14 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीटी 7329 ने उनकी बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुरेश और नैना दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक आयरन ओर खाली कर राजनांदगांव की तरफ से लौट रहा था।



### तेज रफ्तार के कारण हादसे

हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर नियंत्रण की आवश्यकता को उजागर कर दिया है।

### कार की टक्कर से दो युवक घायल

**बालोद।** बालोद-नांदगांव मार्ग पर नांदहा बस स्टैंड के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रीवागहन निवासी भूपेंद्र कुमार साहू ने बताया कि वह अपने बड़े भाई हुलास मोहन माला के साथ अपनी एचएफ डीलक्स बाइक क्रमांक सीजी 24 एफ 2492 से नांदहा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने गए थे। शाम को पेट्रोल भरवाकर वे वापस अपने गांव रीवागहन लौट रहे थे। जब वे नांदहा बस स्टैंड के पास पहुंचे, तो सामने से आ रही एक कार क्रमांक सीजी 08 एडब्ल्यू 4516 के चालक ने लापरवाही और तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे हुलास मोहन माला के बाएं पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं, जबकि भूपेंद्र कुमार साहू के दाहिने हाथ में चोट लगी। घटना के बाद घायलों ने कार चालक के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने भूपेंद्र कुमार साहू की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ धारा 125(ए) और 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### ई-रिक्शा को कार ने मारी टक्कर, तीन महिलाएं घायल

**बालोद।** बालोद-जगतरा मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा पलट गया। इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ई-रिक्शा चालक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। यह हादसा दोपहर करीब 1 से 1.10 बजे के बीच जगतरा और पाकुरभाठा के बीच हुआ। ग्राम जमरूवा निवासी अक्षय देवांगन ने पुलिस को बताया कि वह अपने मालिक पुरुषोत्तम लाल देवांगन के ई-रिक्शा को मजदूरी पर चलाता है। उस दिन वह ग्राम सांकरा से तीन महिलाओं चंपा देशमुख, सरोज देशमुख और वनिता देशमुख को बैठाकर बालोद जिला अस्पताल ला रहा था। जब वे मेन रोड पर अपने साइड में जा रहे थे, तभी पीछे से एक सफेद रंग की कार तेज और लापरवाही से ओवरटेक करते हुए आई और ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा पलटकर बाजू के खेत में जा गिरा। हादसे में ई-रिक्शा में सवार चंपा देशमुख के गर्दन के पीछे और सरोज देशमुख के दाहिने हाथ की कलाई और कोहनी में गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। वहीं, वनिता देशमुख के दाहिने पैर के अंगूठे में चोट आई। ▸▸| शेष पेज 13 पर

■ क्षतिग्रस्त रिक्शा खेत जा गिरा, अपराध दर्ज

# जिला अस्पताल में चार विशेषज्ञ डॉक्टर नियुक्त



हरिभूम न्यूज ▸▸| बालोद

जिला भाजपा ने जिले के विकास के लिए अपने संकल्प को पूरा किया। जिला अस्पताल में चार स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की नियुक्ति अब एक साकार रूप ले चुकी है, जिससे जिले के लोगों को अब स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतरी मिलेगी।

भाजपा के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं वरिष्ठ नेताओं ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के समक्ष बालोद जिला अस्पताल में डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए अपनी मांग रखी थी। मंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लिया और बालोद जिला अस्पताल में चार डॉक्टरों की नियुक्ति की, जिनकी सेवाएं जिले के नागरिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होंगी। नियुक्त डॉक्टरों में एमएस नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मधु, डॉ. अविनाश कुमार मंडावी एमडी एनेस्थीसिया, डॉ. निरंजन बेहरा एमएस ईएनटी, डॉ. शरथ बाबू वी.एस. एमडी जनरल मेडिसिन शामिल हैं। इस नियुक्ति के बाद अब बालोद जिला अस्पताल में अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति से किसी भी मरीज को दूसरे जिले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान अब यहां ही हो सकेगा। इसके लिए ▸▸| शेष पेज 13 पर



■ अब क्षेत्रवासियों को दूसरे जिले में जाने से मिलेगी राहत

# उधारी का पैसा मांगने गए युवक से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

उधारी की रकम मांगने गए एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवक को पैसे देने के बहाने अपने गांव बुलाया और फिर उसके साथ मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

शिकायतकर्ता दीपक साहू जो कि बालोद के शिकारीपारा वार्ड नंबर 19 के निवासी हैं, ने बताया कि ग्राम सिवनी का रहने वाला भूपेंद्र सिन्हा उनसे 7-8 महीने पहले 16 हजार का फ्रिज उधारी में ले गया था। लंबे समय से भूपेंद्र पैसा नहीं लौटा रहा था और बार-बार टालमटोल कर रहा था। दीपक ने बताया कि 28 अगस्त को रात करीब 8.30 बजे भूपेंद्र ने उन्हें फोन करके पैसे देने के लिए अपने गांव सिवनी बुलाया। दीपक अपने पिता खेलन सिंह साहू के साथ गांव पहुंचे और आरेन्द्र किराना दुकान के पास भूपेंद्र का इंतजार करने लगे। रात 8.50 बजे भूपेंद्र वहां आया और पैसों को लेकर दीपक से गाली-गलौज करने लगा। जब दीपक ने उसे गाली देने से रोका, तो वह और भड़क गया और जान से मारने की धमकी देते हुए दीपक और उसके पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। भूपेंद्र ने हाथ-मुक्के से दीपक को मारा, जिससे उसके बाएं गाल, नाक और हाथ की कोहनी में चोटें आईं।

उसने दीपक के पिता के पास रखी लाठी छीनकर भी मारपीट की। पीड़ित दीपक साहू की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भूपेंद्र सिन्हा के खिलाफ धारा 115(2), 296, और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

■ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया अपराध

# 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम कल से

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत 31 अगस्त को 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रदेश की सभी बिहान दीदियों को संबोधित करेंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों एवं सफलता की कहानियों को साझा करने के उद्देश्य से 'दीदी के गोठ' नामक रेडियो कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। इस श्रृंखला का पहला प्रसारण बालोद जिले के 20 संकुल स्तरीय संगठनों, जनपद कार्यालयों एवं विभिन्न स्तरों पर 31 अगस्त को दोपहर 12.15 बजे से किया जाना है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रदेश की सभी बिहान दीदियों को संबोधित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्व–सहायता समूहों की महिलाएं अपनी सफलता की प्रेरणादायी कहानियां साझा करेंगी जो अन्य समूहों के लिए मार्गदर्शक साबित होगी। 'दीदी के गोठ' कार्यक्रम के माध्यम से बिहान से जुड़ी दीदियों के कार्यों उनकी उपलब्धियों तथा आजीविका संवर्धन के लिए किए जा रहे नवाचारों की जानकारी प्रदेशभर में प्रसारित होगी। यह पहल न केवल स्व–सहायता समूहों की महिलाओं को प्रोत्साहित करेगी बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में और अधिक प्रेरणा भी प्रदान करेगी।

# झांडी में पड़े शव को लोमड़ियों ने नोच खाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम के मुख्य द्वार के पास कई दिनों से आ रही बदबू को जानवर मरने की आशंका के चलते नजर अंदाज कर रहे ग्रामीणों का होश उस वक्त उड़ गया जब उसी जगह सड़क किनारे एक शव पड़ा मिला। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बीते 19 अगस्त से घर से लापता था। मामला ग्राम नारागांव का बताया जा रहा है।

ग्राम के मुख्य द्वार के पास पिछले चार–पांच दिनों से झाड़ियों के बीच से बदबू आ रही थी, लेकिन ग्रामीण मुख्य मार्ग से आवागमन करने वाले ग्रामीण इस बदबू को झाड़ियों के बीच पशु या जीव जंतु मरने के कारण आने वाली बदबू होने की आशंका जता रहे थे और उक्त जगह जाने से कतरा रहे थे, लेकिन गुरुवार की रात लोमड़ियों ने झाड़ियों के बीच पड़े उक्त लाश को नोचते हुए सड़क के किनारे ला दिये, जिसके बाद सुबह आवागमन करने वाले राहगिरों की नजर इस पर पड़ी, इसके बाद ग्राम में हड़कंप मच गया और इसकी जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। जहां पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार कर कब्जे में लिया और जांच प्रारंभ की। जानकारी के अनुसार शव के पास एक सायकिल मिली है और मृतक के पैंट में दर्जी का पता लिखा था, जिसमें ग्राम पिपरछेड़ी का उल्लेख था। इसके बाद पुलिस ने जब जांच की गई तो मृतक की पहचान ग्राम पिपरछेड़ी निवासी हेमू राम पिता बैजनाथ ठाकुर 62 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस जांच में जुटी है कि व्यक्ति यहां तक कैसे पहुंचा और व्यक्ति की मौत कैसे हुई। यह जांच का विषय है कि व्यक्ति की हत्या की गई है या कोई दूसरा मामला है।

■ पिपरछेड़ी निवासी हेमू राम के नाम से हुई शिनाख्त, पुलिस जांच में जुटी



## 30 सितंबर तक चलेगा अभियान, कुपोषित बच्चों की होगी पहचान

# बच्चों को आयरन सिरप पिलाकर शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके के मार्गदर्शन में जिले में शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम 29 अगस्त से 30 सितबंर तक आयोजित किया जा रहा है।

इसका शुभारंभ शुक्रवार को मितानिन भवन बालोद में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके व जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जेके सिंह, बीएमओ डौंडी विजय कुमार ठाकुर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, डॉ. केके हथगिया द्वारा बच्चों को विटामिन–ए और आयरन सिरप पिलाकर किया गया।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जेके सिंह ने बताया कि शिशु संरक्षण माह का आयोजन 29 अगस्त से 30 सितबंर तक मंगलवार व शुक्रवार को किया जायेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त सेवाएं निःशुल्क प्रदाय की जाएगी, इसमें 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का टीकाकरण तथा विटामित ए सम्पूरक आहार की प्रदायगी, कुपोषित बच्चों की पहचान, रक्त अल्पता से पीड़ित व प्रभावित बच्चों को आयरन सिरप से तथा गर्भवती माताओं का पंजीयन, जांच, आयरन टेबलेट द्वारा उपचारित किया जाना है। टीकाकरण सत्रों के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में उपरोक्तानुसार उल्लेखित शिशु व मातृ स्वास्थ्य से संबंधित सेवाओं का संवर्धन कराया जाना है।

इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जेके. सिंह, बीईटीओ. आरके. सोनबोईर, जिला वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर रविकान्त साहू, जिला वैक्सीन स्टोर मैनेजर आर.के. सहारे, एल.के. नायक, एलएचव्ही चंद्रिका उइके, इन्दु साहू, स्वास्थ्य कार्यकर्ता ललिता साहू एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बच्चे व उनके परिजन उपस्थित थे।





अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI DAGANIA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)

अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम आज

**भिलाई।** अनामिका द म्यूजिकल इवेन्ट्स द्वारा एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम का आयोजन 30 अगस्त को एसएनजी ऑडिटोरियम में शाम साढ़े 7 बजे से आयोजित है। आयोजक तरुण देशमुख ने बताया कि न तू जमीं के लिए है न आसमा के लिए सेशन-2 का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शहर के प्रमुख कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

### हॉकी, खो-खो और फुटबॉल स्पर्धा आज

**दुर्ग।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 20 से 31 अगस्त तक खेल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। 29 अगस्त 2025 को सुबह 7.30 बजे सुराना कॉलेज मैदान में मेजर ध्यानचंद हॉकी के जादूगर के नाम से हॉकी खेल, फुटबॉल एवं खो-खो खेल का आयोजन किया जाएगा। खिलाड़ियों द्वारा खेलों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। 30 अगस्त को पुरई स्कूल में पारंपरिक खेल आयोजन किया जाएगा। खेल का नाम कबड्डी, खो-खो, स्थानीय खेल पिट्ठुल, गेड़ी दौड़। 31 अगस्त को खेल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन प्रगति भवन जयंती स्टेडियम में किया जाएगा। रैली शहीद पार्क, परिवार चौक, रेल चौक, डीपीएस चौक सहित अन्य मार्गों से होकर गुजरेगी।

### अंडर-19 क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल 31 को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट बोर्ड के कैलेंडर अनुसार दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा रविशंकर स्टेडियम में अंडर-19 क्रिकेट टीम का चयन किया जाएगा। इसके लिए खिलाड़ियों का ट्रायल 31 अगस्त को सुबह सुबह 8.30 से 12 बजे के मध्य रविशंकर स्टेडियम में किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई, सीएससीएस एवं डीडीसीए के टूर्नामेंट, ट्रेनिंग कैम्प तथा सिलेक्शन मैच में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। ट्रायल्स से संभावित खिलाड़ियों का चयन चयनकर्ताओं तथा छग क्रिकेट बोर्ड आब्जर्वर के देखरेख में किया जाएगा। अंडर 19 वर्ग के खिलाड़ियों का चयन उनके क्रिकेट कौशल बैटिंग, बॉलिंग, विकेट कीपिंग, फील्डिंग एवं फिजिकल टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। अंतिम 20 सदस्यीय जिला टीम का चयन सिलेक्शन मैच के आधार पर किया जाएगा। ट्रायल में भाग लेने के लिए अंडर 19 खिलाड़ियों का कट ऑफ़ डेट 1 सितंबर 2007 निर्धारित है। चयन के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म एवं शुल्क, डिजिटल, मैन्युअल जन्म प्रमाण फोटोकॉपी, स्कूल मार्कशीट विगत 6 साल, बैंक पासबुक, पैन कार्ड की फोटोकॉपी, नवीन पासपोर्ट कलर फोटो आवश्यक होगा। अन्य जिला से ट्रान्सफर खिलाड़ियों का नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट अनिवार्य होगा। यह जानकारी दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन के उपााध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने दी।



### बीएसपी क्रिकेट टीम का गठन, पंजीयन प्रारंभ

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा सत्र 2025-26 के लिए आयोजित अंडर-16, अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। बीएसपी टीम के गठन के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है। चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों का पंजीयन 28 व 29 अगस्त को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, सिविक सेंटर में सुबह बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। अंडर-16 (बालक) आयु वर्ग में भाग लेने के लिए प्रतिभागी की जन्मतिथि 1 सितम्बर 2010 से 31 अगस्त 2012 के मध्य और अंडर-23 (बालक) आयु वर्ग के लिए 01 सितम्बर 2003 से 31 अगस्त 2007 के मध्य जन्म लेने वाले खिलाड़ी पात्र होंगे। इच्छुक संयंत्रकर्मियों के बच्चे तथा भिलाई परिधीय क्षेत्र के प्रतिभागी बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, सिविक सेंटरमें चयनकर्ताओं से संपर्क कर सकते हैं।

# इंदिरा मार्केट में 16.29 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी तीन मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग, डेढ़ एकड़ जगह तय



खास खबर

*इंदिरा मार्केट में 16.29 करोड़ रुपए की लागत से मल्टीलेवल पार्किंग बनेगा। इसे लेकर तैयारी शुरू हो गई है। अधोसंरचना मद से इसकी स्वीकृति प्रदान की गई है। नगरीय प्रशासन के कार्यपालन अभियंता (अनुदान) ने इसे लेकर आदेश भी जारी कर दिया है। नियम और शर्तों के अनुरूप गाइडलाइन तय की गई है। इसके हिसाब से निर्माण किया जाना है।पहले फेज में दुर्ग के इंदिरा मार्केट क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए निगम ने कंसलटेंट की मदद ली है।उनके द्वारा ड्राइंग, डिजाइन से लेकर अन्य प्लानिंग कर कार्ययोजना तैयार की गई थी। शासन से आवश्यक संशोधनों के साथ मंजूरी प्रदान की है।*

अतुल अग्रवाल ▶▶| दुर्ग

शहर की सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। शहर के प्रमुख बाजारों के आसपास अब तक पार्किंग को लेकर निगम प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया था। पार्किंग के इंतजाम नहीं है। चार पहिया वाहनों के पार्किंग की कोई व्यवस्था निगम नहीं कर पाया है। इसके चलते पार्किंग एक बड़ी समस्या शहर में बनी हुई है। इसे देखते हुए इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग बनाने की कवायद शुरू की गई है। निगम ने पुराने आयुर्वेद अस्पताल के आसपास की करीब डेढ़ एकड़ जगह चिन्हित की है। जहां तीन मंजिल का मल्टीलेवल पार्किंग बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस मल्टीलेवल पार्किंग का भूमिपूजन करेंगे।

**शासन से मिली स्वीकृति, सीएम साय करेंगे शिलान्यास, पुराने आयुर्वेद अस्पताल की जगह चिन्हित**

### प्रारंभिक डिजाइन तैयार निविदा की प्रक्रिया भी शुरू

जानकारी के मुताबिक प्रारंभिक डिजाइन हमने तैयार किया गया है। प्रथम चरण में इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग तैयार किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक जारी आदेश में छग शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के 25 नवंबर 2019 को जारी पत्र का हवाला देते हुए पूर्व निविदा प्रारूप का अनुमोदन कर आगे की कार्रवाई की जानी है। इसके अलावा सभी नॉन एसओआर आइटम्स की निविदा, सामग्री क्रय के पूर्व सक्षम तकनीकीअधिकारी से तकनीकी स्वीकृति, दर का विश्लेषण अनिवार्य किया गया है। जारी किस्त राशि का व्यय उपरांत पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो का प्रमाणित फोटोग्राफ्स (हार्डकॉपी) के साथ निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा। जियोटैगिंग अनिवार्य की गई है। उपरोक्त वर्णित कार्य यदि पूर्व में किसी भी अन्य योजना, मदद पूर्व वित्तीय वर्ष में निर्मित, स्वीकृत या स्वीकृत हेतु प्रचलित पाए जाते हैं, वो इस कार्य की स्वीकृति के बाद तत्काल शून्य माने जाएंगे।



### हटाया जाएगा अतिक्रमण, 100 से ज्यादा वाहन होंगे खड़े

पिछले करीब 10 वर्षों से लंबित मल्टीलेवल पार्किंग का काम जल्द शुरू होने जा रहा है। इसका प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शिलान्यास करेंगे। इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक करीब 100 चार पहिया वाहन इस पार्किंग में खड़े हो सकेंगे। इतना ही नहीं दोपहिया वाहनों के खड़े होने के भी इंतजाम किए जा रहे हैं। पुराने आर्युवेद अस्पताल की जगह पर इसका निर्माण प्रस्तावित किया गया है। आसपास से अतिक्रमण हटाने की कवायद भी शुरू हो चुकी है। पिछले दिनों पुराना बस स्टैंड के आसपास से कब्जा भी हटाया गया। वर्तमान में इस क्षेत्र में डेढ़ एकड़ के करीब जगह है। जानकारी के मुताबिक दो तरफ से वाहनों की आवाजाही एंट्री बनाई जानी है। अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त यह मल्टीलेवल पार्किंग होगा।

### तीसरे माले तक वाहनों की होगी पार्किंग

अधिकारियों ने बताया कि एक मैकेनिकल मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जाएगी। जगह की कमी को देखते हुए ऐसी पार्किंग ज्यादा प्रचलित हैं। उसी तर्ज पर पंडरी में मैकेनिकल पार्किंग बनाएंगे। लोहे के स्ट्रक्चर को असेंबल कर यह पार्किंग तैयार की जाएगी। इसमें चेन सिस्टम होगा। एक कार पार्क होने के बाद चेन सिस्टम से ऊपर चली जाएगी और खाली जगह फिर खाली हो जाएगी। फिर नई गाड़ी आने पर पार्क करते ही वह ऊपर शिफ्ट हो जाएगी। यह तीन फ्लोर की होगी। एक फ्लोर में 40 कार पार्क होगी तो अधिकतम 120 कारों की कैपेसिटी वाली पार्किंग मिल जाएगी। इंदिरा मार्केट में कपड़ा, ज्वेलरी, फर्नीचर सहित सभी तरह के मार्केट हैं। इसलिए ये जरूरी है। इसे देखते हुए पार्किंग तैयार किया जाना तय किया गया है।

### शासन से मिली स्वीकृति जल्द शुरू होगा काम

" शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही इसका काम शुरू होना है। हमारा प्रयास है कि हम मुख्यमंत्री के हाथों इस बड़े काम का भूमिपूजन कराएं। इसे लेकर प्रयास किया जा रहा है। करीब 16.29 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं।

**-देवनारायण चंद्राकर**, प्रभारी लोककर्म विभाग नगर निगम दुर्ग

**कचरा प्रोसेसिंग के नाम पर बड़ा खेल**

**सेग्रिगेशन के नाम पर हो रही खानापूर्ति, वार्डों से कचरा उठाकर कर रहे डंप, पहुंचा रहे अघोषित ट्रेंचिंग ग्राउंड**

# नहीं चेत रहा दुर्ग निगम, धमधा नाका के एसएलआरएम सेंटर को बना दिया डंपिंग यार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में कचरा सेग्रिगेशन के नाम पर बड़ा खेल चल रहा है। दिखावे के लिए एसएलआरएम सेंटर बनाकर रखे गए हैं, लेकिन कचरे की प्रोसेसिंग के बजाए उसे अघोषित ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाकर डंप किया जा रहा है।

धमधा नाका स्थित एसएलआरएम सेंटर इन दिनों इसका केंद्र बना हुआ है। जहां से निगम का स्वास्थ्य महकमा जमकर गड़बड़ी कर रहा है। खास बात यह है कि निगम के सभी जिम्मेदारों को इसकी जानकारी है। बावजूद इसके यह गड़बड़ी पिछले 6 महीनों से लगातार जारी है। बता दें कि आसपास के 10 वार्डों से कचरा उठाकर यहां पहले डंप किया जाता है। इसके बाद दोपहर के समय जेसीबी, चेन माउंटेन, डंफर और अन्य माध्यम से अन्यत्र दूसरे स्थान पहुंचा दिया जाता है। बारिश की वजह से एसएलआरएम सेंटर से उठ रही बदबू ने लोगों को परेशान कर दिया है। लोगों का आक्रोश फूटने लगा है। उन्होंने निगम प्रशासन के चेतावनी दी है कि तत्काल इसे बंद किया जाए, अन्यथा पूरे मामले की शिकायत एनजीटी से लेकर शासन-प्रशासन को की जाएगी। कांग्रेस नेता बृजकिशोर शर्मा ने कहा कि पहले एसएलआरएम सेंटर की बाउंड्री तोड़ी गई। इसके बाद यहां से लाते-लेजाते समय कचरा सड़क पर फैला। वर्तमान में पूरा क्षेत्र बजबजा रहा है। बदबू उठ रही है। कचरा प्रोसेसिंग के नाम पर निगम में करोड़ों रुपए की गड़बड़ी की जा रही है। मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषी अफसरों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

हरिभूमि सरोकार



### शहर के 60 वार्ड से निकलने वाले कचरे की प्रोसेसिंग के लिए 10 सेंटर

जानकारी के मुताबिक दुर्ग शहर के 60 वार्डों से निकलने वाले कचरे की प्रोसेसिंग के लिए 10 जगहों पर एसएलआरएम सेंटर बनाए गए हैं। इन सेंटरों को तैयार करने के लिए 15 लाख से 23 लाख रुपए तक खर्च किए गए हैं। वर्तमान में आईएचएसडीपी आवास उरला, सिकोलाबस्ती, धमधानाका, कातुलबोड़, रायपुर नाका, चौपाटी, बोरसी हाट बाजार, बोरसी बस्ती, पुलगांव, मरच्यूरी सेंटर के पास एसएलआरएम सेंटर चल रहे हैं। जहां कचरा या तो कचरा डंप हो रहा है, लेकिन प्रोसेसिंग के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। कचरे से खाद सिर्फ कागजों में बन रहा है।

### पोटिया ट्रेंचिंग ग्राउंड बंद होने पर जगह-जगह किया जा रहा डंप

बता दें कि पोटिया ट्रेंचिंग ग्राउंड को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वार्डों से निकलने वाले कचरे का वार्ड में ही प्रसंस्करण किया जाना है। गीला-सूखा अलग करने के साथ कचरे से खाद तैयार किया जाना है। प्लास्टिक, कांच के सामने, लोहे के उपकरण सहित अन्य को अलग-अलग कर उसे बेचा जाना है। शासन के निर्देश पर ही पोटिया ट्रेंचिंग ग्राउंड से कचरा डिस्पोज किया गया। इसके बाद कचरा कभी गोकुल नगर, कभी नेहरूनगर बायपास रोड, एसएफ बटालियन के सामने, पुलगांव नाले के पास, कादम्बरी नगर, कातुलबोड़, पुलगांव सहित अन्य जगहों पर कचरा डंप किया जा रहा है।

### एनजीटी गाइडलाइन की धज्जियां उड़ा रहा निगम

एनजीटी ने कचरा प्रबंधन के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 को लागू करने के आदेश दिया है, जिसके तहत खुले में कचरा जलाने पर प्रतिबंध है। लैंडफिल साइटों का वैज्ञानिक रूप से डिस्पोज किया जाना है। कचरा पृथक्करण को अनिवार्य किया गया है। राज्यों को निगरानी के लिए राज्य स्तरीय समितियां बनाने का निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त, सीवरेज और जैव चिकित्सा कचरे के उचित प्रबंधन का भी आदेश दिया गया है। दुर्ग निगम क्षेत्र में इन आदेशों का कहीं पालन नहीं हो रहा है।

**-अजय कुमार गुप्ता,** पूर्व एल्डरमैन, नगर निगम दुर्ग

### ऑटो के घेरे में शौचालय, लोगों के नहीं आ रहा काम



**भिलाई।** यह तस्वीर पावर हाउस चौक की है, जहां निगम ने जरुरत के समय लोगों के उपयोग के लिए शौचालय बनाया है। वर्तमान में यह शौचालय हर दिन ऑटो के घेरे में रहता है। ऑटो चालकों ने शौचालय के आसपास अवैध ऑटो स्टैंड बना लिया है। इस वजह से शौचालय और प्रसाधन लोगों को नजर तक नहीं आता। खास बात यह है कि यह शौचालय नियमित रूप से बंद रहता है। इस वजह से इसका समुचित उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शौचालय तो बना दिया है, लेकिन पानी के इंतजाम नहीं है। इस वजह से दिक्कत अधिक है। **(फोटो :संजय पांडेय)**

# राज्य कुडो टूर्नामेंट में दुर्ग जिला बना ओवर ऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



- **विवेकानंद सभागार में 800 खिलाड़ियों ने लिया भाग**

स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक भवन में चतुर्थ राज्य स्तरीय कुडो टूर्नामेंट में दुर्ग जिला कुडो संघ ओवर आल चैंपियन बना। दूसरे स्थान पर बेमेतरा और तृतीय स्थान पर बलरामपुर की टीम रही। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजा कौशल ने बताया कि लगातार 4 वर्षों से दुर्ग जिला कुडो संघ प्रथम स्थान हासिल कर रहा है। इस प्रतियोगिता में 24 जिले के 800 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आयोजन के मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कुडो संघ के प्रयासों से राज्य में कुडो खेल आगे बढ़ रहा है। खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें अनुशासन, टीम वर्क कड़ी मेहनत का महत्व सिखाता है। कार्यक्रम के दौरान टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता बने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, अनुराधा सिंह आदि मौजूद थे।

**मीडियेशन फॉर द नेशन**

# अवकाश के दिन भी खोले गए मध्यस्थता सेंटर में सुलझाए गए तीन मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के संयुक्त निर्देशन में 7 अक्टूबर तक मीडियेशन फॉर द नेशन को लेकर मध्यस्थता केंद्र खोला गया है। अवकाश के दिन में भी यहां प्रकरणों की सुनवाई कर आपसी सहमति से मामले सुलझाए जा रहे हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग अवकाश के दिन भी न्याय तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। गुरुवार को मध्यस्थता केन्द्र प्रभारी एवं मध्यस्थतों ने व्यक्तिगत सुविधाओं का त्याग करते हुए न्याय दान के प्रति उनके कर्तव्यों को प्राथमिकता देते हुए तीन प्रकरणों की मध्यस्थता सुनवाई आयोजित की। उभयपक्ष के मध्य आपसी समझौता हो गया। इस प्रक्रिया में पक्षकारों ने विवाद को सुलझाने हेतु आपसी समझ और सहयोग की भावना प्रदर्शित की। परिणामस्वरूप लम्बे समय से लंबित विवाद का शीघ्र निराकरण संभव हो सका। इस पहल का मुख्य उद्देश्य न्याय तक सभी की पहुंच सुनिश्चित करना तथा मध्यस्थता के माध्यम से समाज में मैत्रीपूर्ण विवाद निराकरण की संस्कृति को बढ़ावा देना है। पक्षकारों ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायालय में वर्षों तक चलने वाले विवाद का निराकरण मध्यस्थता की मदद से अवकाश के दिन में भी कुछ ही समय में हो गया।

- **आपसी सहमति से सुलझाए गए तीन मामले**

### खादी सिर्फ वस्त्र नहीं, स्वाभिमान का भी प्रतीकः गजेंद्र

**दुर्ग।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित खादी महोत्सव का शुभारंभ किया। सिविक सेंटर भिलाई के वेल्डेक्स ग्राउंड में ग्रामोद्योग बोर्ड अंतर्गत बुनकरों द्वारा स्वदेशी खादी वस्त्रों की बिक्री हेतु प्रदर्शनी लगाई गई है। शुभारंभ अवसर पर ग्रामोद्योग मंत्री यादव ने कहा कि खादी सिर्फ वस्त्र नही, यह आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित जनों से खादी वस्त्रों के महत्व पर चर्चा करते हुए स्वयं भी खादी वस्त्र खरीदा और सभी से स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने की अपील की। कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडे, दुर्ग निगम के सभापति श्याम शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



**त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में दसलक्षण पर्व की हुई शुरुआत**

# अजीत नाथ, पार्श्वनाथ और सुमितनाथ का किया अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में गुरुवार को दसलक्षण पर्व की शुरुआत हुई। 6 सितंबर तक आयोजित इस आयोजन के पहले दिन पारसनाथ दिगंबर जैन सभा द्वारा उत्तम क्षमा धर्म की पूजन की गई। साथ ही भगवान अजीत नाथ, पार्श्वनाथ और सुमति नाथ का मंगल अभिषेक किया गया। जहां शांति धारा का सौभाग्य ज्ञानचंद, गौरव, सोमेश सुनील बाकलीवाल, साकेत जैन, भारत जैन, निशांत जैन आदि को प्राप्त हुआ।

मंच संचालन पारसनाथ दिगंबर जैन सभा के अध्यक्ष प्रशांत जैन ने किया। 10 लक्षण धर्म की 10 दिन के कार्यक्रम का विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उत्तम क्षमा धर्म दिवस पर सभी से क्षमा याचना की। सांगानेर से आए पंडित विवेक जैन द्वारा शांति धारा का वाचन किया गया। जानकारी देते हुए मंदिर समिति के उपाध्यक्ष और प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन ने बताया कि आज छोटे-छोटे बालक अपने परिवार सहित अपने माता-पिता के साथ 10 लक्षण धर्म के उत्तम क्षमा धर्म दिवस पर पारसनाथ भगवान के मंगल दर्शन करते हुए भक्तों ने भक्ति भाव के साथ मंदिर के धोती दुपट्टा धारण कर मंगल अभिषेक किया।



### भक्ति संगीत के साथ देव शास्त्र गुरु की भी पूजा

इस अवसर पर भक्ति संगीत के साथ श्री देव शास्त्र गुरु की पूजन और 24 तीर्थंकर भगवान की पूजन किया गया। पंडित विवेक जैन के साथ साधना जैन, वरुण जैन ने उपस्थित भक्तों के साथ अष्टध्रव्य और श्रीफल अर्पण करते हुए भक्ति भाव के साथ आरती पूजन किया। पंडित विवेक ने कहा कि 10 लक्षण धर्म में सबसे महान धर्म उत्तम क्षमा धर्म है। आज आप सभी अपने दैनिक जीवन में संयम के साथ शांति और सात्विकता के साथ एक दूसरे से क्षमा याचना मांगते हुए अपना दैनिक कार्य करें।

### क्रोध नहीं करने की नसीहत क्षमा वीरों का गहना

इस अवसर पर जैन संतों ने कहा कि किसी पर क्रोध न करें। क्षमा तो वीरों का गहना है। शांति और सद्भावना के साथ क्षमा धर्म को अपने जीवन में उतरे दोपहर में तत्वार्थ सूत्र का वचन और संध्या भक्ति भाव के साथ महिलाओं ने जैन भवन के प्रांगण में भक्ति गीत का आयोजन किया गया। पंडितों ने क्षमा धर्म पर अपने मंगल प्रवचन दिया। समिति के अध्यक्ष प्रशांत जैन ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे अभिषेक और 8 बजे शांति धारा संपन्न होगी। इस अवसर पर महावीर प्रकाश जैन, डॉ. जिनेंद्र जैन, प्रमोद नहर, मुकेश जैन, अरविंद जैन, जिनेंद्र जैन, कमल जैन सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### 12 सितंबर से रामकथा

**भिलाई।** विश्व विख्यात राम कथा व्यास राजन महाराज के श्रीमुख से हम सभी को कथा रस प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त होने जा रहा है सभी भिलाईवासियों के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है, जिसमें हमें राम रस में डूबकर अपना जीवन धन्य करने का पुनीत अवसर प्राप्त होगा। आयोजन 12 से 20 सितंबर तक किया जा रहा है। बीजेपी को कोषाध्यक्ष और पार्षद विनोद सिंह ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है।

### परियोजना विभाग में नई चेतना कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के परियोजनाएँ विभाग में नई चेतना कार्यक्रम का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक उन्मेश भारद्वाज तथा मानस कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में नई चेतना कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विभाग द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सीजीएम उन्मेश भारद्वाज थे। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिका शुभश्री प्रशांत, सहायक महाप्रबंधक नरेन्द्र इंगले, उप प्रबंधक समायला अंसारी, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी राजेश मौर्य सहित विभागीय कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक महिलाएं उपस्थित थीं। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत प्रत्येक महिला ठेका श्रमिक को अपने अधिकारों, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित समुचित जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। महिला ठेका श्रमिकों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व पर प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जानकारी दी।

### भगवान जल जैसे तो लक्ष्मण बर्फ जैसे शीतल : पं. अरोड़ा

**दुर्ग।** श्री बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा में द्वारकाधीश अवतार बाबा रामदेव के जन्मोत्सव अवसर पर आयोजित रामकथा के तीसरे दिन बाल योगी पं विष्णु अरोड़ा ने रामचरित मानस के गूढ़ रहस्यों का विवेचन करते हुए कहा कि लक्ष्मण का क्रोधी स्वरूप केवल और केवल श्रीराम की सरलता और महिमा को और बड़ा करने के लिए है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम धर्म ध्वज हैं तो लक्ष्मण उस ध्वज का डंडा हैं। वास्तव में लक्ष्मण ही राम की असली ताकत हैं, तभी रावण की सेना ने युद्ध में सर्वाधिक प्रहार उन्हीं पर किया। लक्ष्मण के स्वभाव को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि राम जल जैसे हैं तो लक्ष्मण बर्फ जैसे शीतल भी और कठोर भी। यही उनका चरित्र है। कथा में उन्होंने दशरथ के प्राणत्याग का रहस्य समझाते हुए बताया कि प्रभु श्रीराम ने अपनी बाल लीलाओं में माता कौशल्या को सर्वव्यापक स्वरूप का अनुभव करवा दिया था, किंतु दशरथ जी इससे अनभिज्ञ रहे। भगवान राम की तीन यात्राएं हैं, पहली गुरुकुल यात्रा जो कि ज्ञान प्राप्ति हेतु हुई। दूसरी विश्वामित्र संग यात्रा जो कि भक्ति की यात्रा थी, जिसमें भक्ति स्वरूपा सीता संग विवाह हुआ। तीसरी वनवास यात्रा जो कि कर्म की यात्रा थी।

### नुआखाई पर निकाली शोभायात्रा भक्ति भाव में डूबे सभी श्रद्धालु

**भिलाई।** दुर्ग जिले के भिलाई नगर क्षेत्र में उत्कल समाज द्वारा नुआखाई महापर्व धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शामिल हुए। यह शोभायात्रा सेक्टर-1 स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौक से प्रारंभ होकर सेक्टर-5 तक निकाली गई। विधायक ने शोभायात्रा में शामिल होकर प्रभु जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उत्साह और भक्ति भाव से सम्मिलित हुए, जिससे संपूर्ण वातावरण धर्ममय एवं दिव्य हो उठा। ललित चंद्राकर ने कहा कि नुआखाई ओड़शिा का प्रमुख लोक-पर्व है, जो पश्चिम ओड़शिा के सीमावर्ती छत्तीसगढ़ में भी मनाया जाता है। यह पर्व भाद्रपद शुक्ल पंचमी के दिन मनाया जाता है और इसका शाब्दिक अर्थ है नया खाना। उन्होंने कहा कि नुआखाई के अवसर पर लोग एक-दूसरे के घर आते-जाते हैं और नुआखाई जुहार और भेंट जुहार कर एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने सभी को नुआखाई महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व हमें अपनी संस्कृति और परंपरा का सम्मान करने का अवसर प्रदान करता है।

# भूमि अभिलेख में शुचिता, नक्शा-बटांकन के कार्यों में पारदर्शिता लाये विभाग

## कलेक्टर ने राजस्व विभाग की कार्यशाला में कानूनों के नए-नए प्रावधानों को अपडेट कराने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार राजस्व विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों को राजस्व विभाग के कार्यों की समुचित जानकारी सुनिश्चित कराने तथा उन्हें विभागीय कानूनों के नए–नए प्रावधानों अपडेट कराने जिला पंचायत सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अजय किशोर लकरा तथा प्रशिक्षक दीपचंद भारती द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यशाला में राजस्व विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के डिजीटल फसल सर्वेक्षण के कार्य के अलावा स्वामीत्व योजना, अभिलेख शुद्धता, नक्शा बटांकन एवं अन्य विभागीय कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की सुक्ष्म जानकारी एवं राजस्व विभाग के कानूनों के विभिन्न प्रावधानों के ज्ञान के लिए कार्यशाला को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को कार्यशाला में पूरे मनोयोग से जानकारी प्राप्त कर राजस्व संबंधी कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित करने में उसका उपयोग करने कहा। दो पालियों में आयोजित इस कार्यशाला में राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, अधीक्षक भू–अभिलेख सहित नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों के अलावा अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।



### त्रुटि सुधार लंबित

कार्यशाला में प्रशिक्षक दीपचंद भारती द्वारा नक्शा बटांकन, अभिलेख शुद्धता, सीमांकन, डिजीटल फसल सर्वेक्षण के कार्य आदि के अलावा अभिलेख संशोधन के प्रस्ताव वर्तमान में क्या है और क्या होना चाहिए, राजस्व न्यायालय में बंदोबस्त त्रुटिसुधार की लंबित होने की संभावित प्रकृति, बंदोबस्त के सामान्य परिस्थितियां आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा कार्यशाला में अभिलेख शुद्धता के कार्य के अंतर्गत खसरा विहीन नक्शा, स्पेशल कैरेक्टर, छोटे नक्शा का बटांकन, जियोरिफ्रेंसिंग, स्वामीत्व योजना, भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में 5 डिसमिल से छोटे टुकड़ों की बटांकन की प्रक्रिया आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## आयोजन : माता कर्मा महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुई विभिन्न खेल स्पर्धा

# मेजर ध्यानचंद जैसे खिलाड़ी बनें युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

माता कर्मा महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चन्द्राकर, प्राचार्य एमएल देशमुख, जिला संगठक डॉ लीना साहू, मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहू की उपस्थिति में देशभक्त मेजर ध्यानचंद व मां सरस्वती के तस्वीर पर पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि चंद्राकर ने युवाओं को देशभक्त मेजर ध्यानचंद जैसे बनने का आवाह किया। प्राचार्य ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल की महत्ता को विस्तार रूप से बच्चों के समक्ष रखें। कुलदीप साहू ने महान सर्वश्रेष्ठ और कालजयी हॉकी खिलाड़ी अधुत्त प्रतिभा और अभूतपूर्व प्रदर्शन से अंतरराष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाने वाले मेजर ध्यानचंद के जीवनी पर प्रकाश डाला।

जिला संगठक डॉ. लीना साहू ने हाकी के जादूगर की जयंती पर उन्हें शत शत नमन करते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस पर बच्चों को संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ आशा रानी, नम्रता चंद्राकर, सुभाष देवांगन, काजल चंद्राकर, हेमन्त साहू एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम अधिकारी रासेयो डिगेन्द्र साहू कार्यक्रम का समायोजन किया। कार्यक्रम में दलनायक स्वयं सेवक रोशन साहू, रुद्र कुमार मेघा साहू, दुर्गेश्वरी, मुस्कान, इंद्राणी और सभी स्वयं सेवा उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।




### मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना




**डौंडीलोहारा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्राचार्य आर के देवांगन की अध्यक्षता में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को हुआ। उन्होंने 1928, 1932 और 1936 में भारत को ओलम्पिक में स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने हिटलर के निवेदन को अस्वीकार करते हुए अपनी मातृभूमि को न छोड़ने की अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति को प्रदर्शित किया। आजादी के पश्चात भारत सरकार ने उन्हें पद्मभूषण से अलंकृत किया। आज भी भारत का सर्वोच्च खेल पुरस्कार उन्हीं के नाम पर दिया जाता है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के स्थापना के रजत जयंती वर्ष में शासन के द्वारा विभिन्न आयोजन किए जाने का आदेश जारी किया गया। जिसमें आज स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके निर्णायक वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी थे, जिसमें विद्यार्थियों के पठन कौशल की जांच उनकी स्पष्टता, शुद्धता और गति के आधार पर की गई। कार्यक्रम में टीएल देवांगन, रीना बोरकर, बिंदु पटेल, बिंदु साहू की उपस्थिति में साक्षी, डिंपल, रूपाली, दीपाली, डामेंद्र, खिलेश्वरी आदि भाग लिया।

### मेजर ध्यानचंद जयंती पर 'मोर खेल मोर गौरव' कार्यक्रम का शुभारंभ





**बालोद।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई गई, जिसमें जिले के पीएमश्री स्कूल कन्नेवाड़ा खेल मैदान में 'मोर खेल मोर गौरव' कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सौरभ लुनिया की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सहायक जिला खेल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने बताया कि 29 से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला हॉकी संघ के सहयोग से जिले के बालोद विकासखण्ड के पीएमश्री स्कूल कन्नेवाड़ा में 'मोर खेल मोर गौरव' थीम पर तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# राजहरा परिवहन संघ पांच मांगों पर अड़ा, 1 सितंबर से लौह अयस्क परिवहन ठप करने दी चेतावनी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राजहरा परिवहन संघ ने लौह अयस्क और पैलेट परिवहन कार्य में हिस्सेदारी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन छेड़ दिया है। शुक्रवार को दूसरे दिन भी माइंस ऑफिस के मुख्य द्वार पर सैकड़ों परिवहनकर्मी एकजुट होकर ज़बरदस्त नारेबाजी करते नज़र आए। संघ का ऐलान है कि अगर 31 अगस्त तक उनकी मांगों का निराकरण नहीं हुआ, तो 1 सितंबर से बीएसपी द्वारा किया जा रहा लौह अयस्क परिवहन पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा।

### बीस बरस से लंबित मांगें, धैर्य टूटा

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि वे 20-22 वर्षों से लौह अयस्क परिवहन कार्य में हिस्सेदारी की मांग कर रहे हैं, लेकिन बीएसपी प्रबंधन लगातार वादाखिलाफी और टालमटोल कर रहा है। कई दौर की बैठकों के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं निकला। इससे नाराज़ होकर संघ ने इस बार आरपार की लड़ाई छेड़ दी है। संघ की पांच प्रमुख मांगों में दल्लीराजहरा से भिलाई तक लौह अयस्क परिवहन में 25-40 प्रतिशत हिस्सा स्थानीय संघ को मिले, हितकसा पैलेट प्लांट से तैयार पैलेट का परिवहन कार्य संघ को दिया जाए, बीएसपी द्वारा निजी क्षेत्र को बेचे जाने वाले अनुपयोगी लौह अयस्क का परिवहन स्थानीय वाहकों को सौंपा जाए, जिले में रोजगार सृजन हो और पलायन पर रोक लगे। डीएमएच राशि का अधिकतम उपयोग दल्लीराजहरा के विकास कार्यों में किया जाए। संघ का कहना है कि उनकी मांगें पूरी होने पर न सिर्फ वाहन मालिक, बल्कि टायर-मैकेनिक, ऑटो पार्ट्स विक्रेता, ड्राइवर-हेल्पर और रिपेयरिंग दुकानदार जैसे सैकड़ों परिवार सीधे-परोक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। धरना प्रदर्शन में संदीप शाहा, संतोष देवांगन, काकू रंधावा, सुनील जायसवाल, प्रदीप बरमोटे, विवेक, रंजीत सिंह समेत सैकड़ों सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय विज्ञान गणित क्विज प्रतियोगिता में डौंडीलोहारा प्रथम



**डौंडीलोहारा।** नगर के बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय आविष्कार योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय गणित विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ व्याख्याता एल के ठाकुर ने किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए प्रतियोगिता स्वस्थ मन से देने की बात कही। कार्यक्रम का नोडल सुश्री एनुका शार्वा ने सभी बच्चों का दिशा निर्देशन, नियम शर्त से परिचय कराया। तत्पश्चात विभिन्न स्कूलों से आए प्रतिभागी बड़गांव, अछोली, सेजेस लोहारा, दुधली, मुढ़िया, किल्लेकोडा, सहगांव, नवागांव आदि विद्यार्थियों के मध्य प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें प्रथम स्थान पर गीतांजलि बालक उ मा विद्यालय डौंडी लोहारा और द्वितीय सुनंदिनी सेजेस लोहारा, तृतीय रूहानी साहू शासकीय हाई स्कूल भरदा ने प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में श्री प्रदीप मेश्राम ,डुप्ले शाहू,लवन साहू, त्रिवेणी साहू, एन के यादव, डी के सिन्हा, भरत लाल साहसी आदि शिक्षक उपस्थित थे। ये बच्चे आगे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### घर और शो-रूम में कैमरे लगाने वालों को दुर्ग एसएसपी ने किया सम्मानित

**भिलाई।** आंवला बाड़ी नगपुरा में हुई हत्या की गुत्थी सुलझाने में सीसीटीवी कैमरों की भूमिका अहम रही। सीसीटीवी फुटेज से ही आरोपी की पहचान हो सकी। नगपुरा और सरस्वती नगर के रहवासियों ने शो रूप, दुकान और घर में सीसीटीवी लगा रखे हैं, जिसका उपयोग पुलिस की जांच में सहयोगी सिद्ध हुआ। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने ऐसे लोगों को सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। मुख्य रूप से संजय सिंह ठाकुर दुर्ग, लखन लाल टंडन मोर ढाबा नगपुरा, मोहेश सोलंकी सरस्वती नगर दुर्ग, गणेश ढीमर सरस्वती नगर दुर्ग को सम्मानित किया गया।

## रजत महोत्सव पर हुआ पुरखा के सुरता कार्यक्रम...




**बालोद।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर जिला प्रशासन बालोद द्वारा जिला मुख्यालय बालोद में 'पुरखा के सुरता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत विद्यार्थियों को जिला मुख्यालय बालोद स्थित बूढ़ा तालाब के समीप स्थित प्राचीन किला एवं संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। स्कूली विद्यार्थियों को पुरातत्व के जानकार द्वारा विभिन्न मूर्तियों एवं प्राचीन किलानुमा दरवाजा के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर सहित बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी मौजूद थे।

## प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं से बातचीत कर प्रशिक्षण कार्य का लिया जायजा

# स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र में सीईओ ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी ने स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था भोथली में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं से बातचीत कर प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया। इसके साथ ही सीईओ चंद्रवंशी ने बालोद विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का औचक निरीक्षण कर पीएम आवास के हितग्राहियों से बातचीत की।

सीईओ ने जिले के जनपद पंचायत गुरूर के ग्राम भोथली में जिला प्रशासन एवं ग्रामीण स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से जनपद पंचायत गुरूर क्षेत्रन्तर्गत ग्राम पंचायत भोथली में ग्रामीण श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नये अवसर सृजित करने के उद्देश्य से संचालित 30 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों से सीधे बातचीत करते हुए उनके प्रशिक्षण कार्य एवं उनके द्वारा सीखी गई तकनीकी ज्ञान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले को वृहद आवास निर्माण का लक्ष्य आबंटित हुआ है जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। इस प्रशिक्षण से अब आप केवल श्रमिक नहीं, बल्कि कुशल राजमिस्त्री बनने जा रहे हैं। इससे आपको अपने गांव एवं स्थानीय स्तर पर ही पर्याप्त काम और सम्मानजनक आमदनी का अवसर मिलेगा। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि पहले वे केवल सामान्य मजदूरी का कार्य करते थे, लेकिन इस प्रशिक्षण से उन्हें नाप–जोख, ईंट की चिनाई, प्लास्टररिंग, लेवलिंग और भवन निर्माण से जुड़ी कई नवीन तकनीके सीखने को मिल रही है।



सीईओ चंद्रवंशी ने बालोद विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत उमरादाह के आवास लाभार्थी विष्णु, मदन, राजुलाल, अमरूराम, रामकुमार, सदासिंग तथा ग्राम पंचायत पड़कीनाट के अशोक एवं अन्य प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों से मुलाकत कर आवास निर्माण के संबंध में जानकारी ली।

इस दौरान चंद्रवंशी ने संबंधितों को हितग्राहियों के समास्याओं को संज्ञान लेते हुए जनपद एवं ग्राम पचायत के अमलों को मटेरियल, राजमिस्त्री एवं बैंक से संबंधित समस्याओं के निपटान कर हर संभव मदद उलपब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे हितग्राहियों के आवास निर्माण के कार्य को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण कर सके। इस अवसर पर सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा एवं अन्य संबंधित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### डाली ने नवाचारी प्रतिभा ...

फाइनल में स्थान बनाया है। यह प्रतियोगिता 28 और 29 अगस्त को चेन्नई में आयोजित हो रही है, जहां देश भर के 160 चुनिंदा प्रोजेक्ट्स में से डॉली का प्रोजेक्ट भी प्रदर्शित हो रहा है। डॉली साहू ने अपने 'लाई–फाई प्रोजेक्ट' के माध्यम से प्रकाश की किरणों का उपयोग कर डेटा, ऑडियो और टेक्स्ट मैसेज भेजने की नवाचारी तकनीक विकसित की है। यह तकनीक भविष्य की तेज, सुरक्षित और ऊर्जा–कुशल संचार प्रणाली के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। इस प्रोजेक्ट ने न केवल तकनीकी नवाचार को बढ़ावा दिया है, बल्कि युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की सराहना करते हुए डॉली ने कहा कि यह उपलब्धि मेरे शिक्षक, परिवार, जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन व सहयोग के बिना संभव नहीं था। इस प्रकार के अवसर के लिए उसने स्पेस किड्स इंडिया और नीति आयोग को धन्यवाद दिया है।

### ई-रिक्शा को कार ने मारी ...

घायलों को मौके पर वनिता देशमुख के परिजनों द्वारा बुलाए गए 108 एंबुलेंस की मदद से तत्काल जिला अस्पताल बालोद लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। टक्कर से ई-रिक्शा का पिछला पहिया, डिस्क और सामने का शीशा भी टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। ई-रिक्शा चालक अक्षय देवांगन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ धारा 184 एलकेएस, 125(ए) और 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

### जिला अस्पताल में ...

भाजपा के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख और जिले के अन्य सभी वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह कदम बालोद जिले के विकास में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और पार्टी का संकल्प है कि भविष्य में भी इस तरह के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं के अधिकार पर कार्यशाला

**डोंगरगढ़।** रानी अवंतीबाई लोधी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रामाटोला में महिलाओं के संवैधानिक अधिकार विषय पर 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उषा कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मनोज रंगारी के निर्देशन में किया गया। कार्यशाला में वक्ता के रूप में हितेन्द्र कोसरे, अधिवक्ता अशोक पाण्डेय, सहायक जेल अधीक्षक राहुल गंगराले, अधिवक्ता लुनकरण उके, प्रो नम्रता परीक्षा शामिल हुई। प्रथम दिवस प्रभारी प्राचार्य रंजना राम ने पुष्प गुच्छ भेंट कर हितेन्द्र कोसरे का स्वागत किया गया। संचालन डॉ. संगीता रंगारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ज्योतिबाला बारसागढ़े ने किया।

### हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं प्रीएम उषा प्रभारी डॉ आरआरकोचे, महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. आशा चौधरी के नेतृत्व में महिला विकास पर आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को हर्बल गुलाल बनाने की जानकारी दी गई। कार्यशाला के प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। महिला समूह रूसे की अध्यक्ष जमुना साहू ने छात्राओं को प्राकृतिक तरीके से गुलाल बनाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक गुलाल त्वचा को सुरक्षित रखता है। हर्बल गुलाल बनाने के लिए अखरोट पाउडर का उपयोग किया जाता है इस गुलाल को बनाने में मात्र 70 से 80 रुपए खर्च आता है। पलास के फूलों से गुलाल बनाया जाता है। गुलाल बनाने के बाद उसे अच्छे से सुखाना पड़ता है। प्राकृतिक सामग्री से गुलाल बनाना अत्यंत सहज है। गुलाल निर्माण को रोजगार का माध्यम बनाया जा सकता है। अंत में श्रीमती साहू को सम्मानित किया गया। कार्यशाला में बीए अंतिम वर्ष एवं एमए की छात्राएं शामिल हुई।

### खेल सामग्री से प्रतिमा निर्माण

**डोंगरगढ़।** शहर के डिपरापारा में भौंरा, जाली, बांस, गिल्ली डंडा और कंचा से हस्तनिर्मित गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई है। यह प्रतिमा बच्चों और खिलौनों को कलात्मक रूप से जीवंत करती है। यह मूर्ति छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता और खिलौनों से लगाव को दर्शाती है। श्री साईं गणेश उत्सव समिति डिपरापारा एवं व्यापारी संघ गणेश उत्सव समिति ने लोगों ने पंडाल में आकर दर्शन करने का आव्हान किया है।

## निधन

### संतोष सब्बरवाल

**डौंडी।** भाजपा नेता ऋषभ सब्बरवाल के पिता संतोष सब्बरवाल का 29 अगस्त को दोपहर 12.20 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल सुबह शनिवार 10 बजे निज निवास बाजार चौक से निकाली जाएगी। शोकाकुल परिवार दिनेश अग्रवाल, सतीश, सब्बरवाल भाई रौनक, सब्बरवाल राहुल, सब्बरवाल ऋषभ सब्बरवाल पुत्र एवं परिवार ने शोक जताया है।



### जिले में स्वीकृत आवासों में से 47 हजार 112 परिवार की सदस्य जुड़ीं हैं बिहान से

# पीएम आवास निर्माण में बिहान की सदस्य निभा रहीं अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण में बिहान की दीदियां अपनी सक्रिय भूमिका निभा रही है, जिससे आवास निर्माण कार्य में निरंतर प्रगति आई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में अब तक कुल 53 हजार 621 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए हैं, जिसमें से 38 हजार 986 पूर्ण हो चुके हैं। वर्ष 2024–25 में 18 हजार 245 आवास स्वीकृत किया गया। 7 हजार 733 पूर्ण है।

आवासों के समय–सीमा एवं गुणवत्ता युक्त निर्माण हेतु जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के माध्यम से इन आवासों को अभिसरित किया गया है। उल्लेखनीय है कि बिहान के माध्यम से स्व–सहायता समूहों को बैंक से सुलभ एवं किफायती दर पर ऋण प्राप्त होता है, जिले में स्वीकृत आवासों में से 47 हजार 112 परिवार के सदस्य बिहान से जुड़े हैं। आवास निर्माण हेतु शासन द्वारा निर्धारित अनुदान राशि 1.20 लाख 90 दिवस




मनरेगा मजदूरी दिवस प्राप्त होता है। साथ ही हितग्राहियों को आवास के बेहतर, सर्व सुविधायुक्त निर्माण हेतु हितग्राहियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है। इसके तहत बिहान द्वारा प्रदत्त सुलभ ऋण को आवास हितग्राहियों तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अभी तक 3 हजार 572 आवास हितग्राहियों को 8.10 करोड़ ऋण बिहान के माध्यम से प्रदाय कराया गया है। साथ ही जिले के कुछ क्षेत्रों में बडी संख्या में आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है, उन क्षेत्रों में आवास निर्माण संबंधी मूलभुत आवश्यकताओं यथा सेंट्रिंग प्लेट, मिक्सचर मशीन, ईंट आदि की पूर्ति हेतु बिहान अंतर्गत गठित समुदाय आधारित संगठन एवं सदस्य सामने आई है। जिले के 258 समूह एवं सदस्यों द्वारा सेंटिंग प्लेट तथा मिक्सचर मशीन, क्रय कर आवास हितग्राहियों को रियायती दर पर उपलब्ध कराया गया है, जिससे एक और शासन के मंशानुरूप समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण आवास का निर्माण हो रहा है तो दूसरी ओर महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर भी मिल रहा है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत जननी महिला संकुल संगठन दुधली द्वारा सेन्ट्रिंग प्लेट का कार्य किया जा रहा है। संकुल अध्यक्ष फगनी कोमरे ने बताया कि हमारे संकुल द्वारा सेंट्रिंग प्लेट रियायती दर में उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे संकुल का आय सृजन हो रहो है और समूह से जुड़ी हमारी दीदीयों को रियायती दर में सामग्री भी उपलब्ध करायी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम सिरपुर, बगईकोन्हा के दुलसिया बाई, संगवारी स्व–सहायता समूह जिनका आवास स्वीकृत हुआ है, जिन्हें आवास निर्माण हेतु शासन की स्वीकृति राशि के अतिरिक्त हमारे संकुल द्वारा 60 हजार बैंक एवं सीआईएफ राशि ऋण के रूप में उपलब्ध कराया गया।

### कम दाम पर ईंट और सेंट्रिंग सामान उपलब्ध करा रही

बाजार मूल्य से कम दाम में ईंट एवं ढलाई हेतु रियायती दर में सेंट्रिंग सामान उपलब्ध कराया गया, जिससे दीदी की आवास निर्माण में व्यय लागत कम तथा सुगमता से निर्माण सामग्री की पहुंच से दीदी को कम समय में अपने आवास को पूर्ण करने में आसानी हुई। जननी महिला संकुल संगठन द्वारा अब तक 11 आवास हितग्राही को सेंट्रिंग सामान उपलब्ध कराया गया जिससे 72200 रुपए आय अर्जित की जा चुकी है। हमारे संकुल के दीदीयों के द्वारा ईंट निर्माण कार्य से अब तक 15 हितग्राहियों को घर एवं शौचालय निर्माण हेतु ईंट उपलब्ध करा है और 108000 रुपये आमदानी प्राप्त हुई है तथा ईंट निर्माण कर स्वावलंबी बने है। **सेंटिंग प्लेट, मिक्सचर मशीन और ईंट निर्माण से हो रही आय :** जिला पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवासों का गुणवत्तापूर्ण तथा समय–सीमा में निर्माण तथा बिहान के दीदीयों को स्व–रोजगार से जोड़ने के अभिसरण मॉडल के अंतर्गत शासन के मंशानुरूप जिले में कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के कुल 258 स्व–सहायता समूह, सामूदायिक संगठन द्वारा सेंटिंग प्लेट तथा मिक्सचर मशीन, ईंट निर्माण आदि कार्यों से 46.50 लाख के आय अर्जन किया गया है।

## प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ने आयोजित किया रक्तदान शिविर



**बालोद/कलंगपुर।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी के तत्वावधान में विश्व बंधुत्व दिवस पर धमतरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जहां नगर पंचायत पलारी के युवकों ने जाकर मानवता का फर्ज निभाते हुए और रक्त की कमी से किसी अनजान मरीजों की जिंदगी बचाने के लिए शिविर में पहुंच कर स्वैच्छिक रक्तदान किया। युवकों ने अपने रक्तदान से मानव जीवन बचाने में अमूल्य योगदान निभाया। इस अवसर पर युवकों ने कहा कि रक्तदान करने से हमें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती, बल्कि इससे हमारा शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है। इस दौरान रितेश कुमार साहू 27वीं बार एवं उनील कुमार ने 5वीं बार रक्तदान किया। साथ में नवीन कुमार, पूनमचंद, दिलीप व भुवनेश्वर ने पहली बार रक्तदान किया।

## तीज महोत्सव पर अंडा में शिव कथा हुई



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा में तीज पर्व पर शिव कथा का आयोजन गुरुवार को बाजार चौक अंडा में हुआ। माता पार्वती की कथा सति की व्याख्या खिलेन्द्र कुमार (संजू) यादव ने की। इस अवसर पर सरपंच दिग्विजय सिन्हा, छाती की सरपंच दानेश्वरी यादव, डीपी चन्द्राकर, तेजराम निर्मलकर, तेजराम चौहान, तेजराम चंद्राकर, गैंदू चंद्राकर, यशवंत सिन्हा, यशवंत चंद्राकर, बलदाऊ चौहान, खिलेश यादव, रुपेन्द्र विश्वकर्मा, मणी साहू, रविकांत यादव, कृष्णकांत यादव, नवनीत यादव, सभी तीजा तिहार उपवास मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर कॉलेज में हुई विभिन्न स्पर्धाएं



**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में शतरंज, बैडमिंटन, कबड्डी, कैरम, स्लो सायकिल, मटका फोड़, क्रिकेट, कुर्सी दौड़ एवं रस्साकसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर कर भाग लिया। रस्साकसी की विजेता टीम कल अग्रणी महाविद्यालय बालोद में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में शामिल होगी। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का कुशल संचालन करते हुए खेल दिवस को सफल बनाया। प्राचार्य रोशन आरा ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

# गड्ढे में तब्दील हुई सड़क, छात्रों को खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम भोथली से तिरगा रोड और खुर्सीपार होते हुए निकुम पहुंच मार्ग जर्जर हो चुका है। जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू ने बताया कि भाजपा की इस डबल इंजन की सरकार में जनता पूरी तरह से त्रस्त है। ग्रामीण क्षेत्र की जनता मूलभूत सुविधाओं बिजली सड़क के लिए तरस रही है। बिजली के बढ़ते दाम और उसके बाद साय साय बिजली गुल होने से जनता पहले से परेशान है, उसके बाद अब लोगों को सड़क में चलना भी मुश्किल हो चुका है। ग्राम भोथली से तिरगा रोड और भोथली से खुर्सीपार होते हुए निकुम पहुंच मार्ग इतना जर्जर हो चुका है कि लोगों के साथ साथ स्कूली बच्चों का इस रोड से गुजरना मुसीबत से कम नहीं है। साथ ही साथ ग्राम खांडा से निकुम पहुंच मार्ग में तो आधी सड़क ही गायब हो चुकी है, बावजूद इसके शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधि किसी को कोई ध्यान नहीं है। इस सड़क की स्थिति इतनी ज्यादा खराब हो चुकी है कि यहां किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है और शासन





प्रशासन इसी का इंतजार कर रहा है। इन सब सड़क के बारे में सुशासन तिहार से लेकर छत्तीसगढ़ के केंद्रीय मंत्री तक को आवेदन दिया जा चुका है, बावजूद इसके स्थिति वहीं की वहीं है। राज्य में यह डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है।

### डबल इंजन की सरकार से जनता त्रस्त

जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू ने बताया कि भाजपा की इस डबल इंजन की सरकार में जनता पूरी तरह से त्रस्त हो चुकी है। इस सड़क के लिए कई बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस सड़क में जानलेवा गड्ढा है।

# डॉ. प्रज्ञा सिंह का राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान के लिए चयन, संघ ने जताया हर्ष

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ दुर्ग जिला के कोषाध्यक्ष व राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक डॉ. प्रज्ञा सिंह को राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान 2025 के लिए चयन होने पर सहयोगियों ने खुशी जाहिर की है। संस्थापक व संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस ने बताया कि डॉ. प्रज्ञा सिंह बहुत ही मिलनसार है। शिक्षण गुणवत्ता के लिए कई नवाचार किये हैं। वहीं अपने शाला हनोदा में गणित लेब बनाकर सभी का दिल जीत लिया है। इस उपलब्धि के लिए सभी शिक्षक गर्व महसूस कर रहे हैं।



शिकसा परिवार के संस्थापक व संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस, प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, महासचिव डॉ. बोधीराम साहू, उपाध्यक्ष प्रीति चन्द्र मल्लिका व हर्षा देवांगन, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद देवांगन, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर, मीडिया प्रभारी गोपाल ध्रुव, महिला प्रांताध्यक्ष नीता त्रिपाठी, उपाध्यक्ष ज्योति सक्सेना, महासचिव संध्या पाठक, कोषाध्यक्ष प्रतिभा त्रिपाठी, सहसचिव ऊषा भट्ट, मीडिया प्रभारी चमेली साहू, दुर्ग जिला अध्यक्ष होरी लाल चतुर्वेदी, जांजगीर जिला अध्यक्ष विजय कुमार प्रधान, महासचिव रामलाल कोशले सहित हेमराज निषाद, हरमन कुमार बघेल, चन्द्र कुमार चन्द्रा, देव प्रसाद पात्रे, प्रकाश चन्द्र चेलक, शशिकला पाण्डेय, हेमा चन्द्रवंशी, ईश्वरी देवांगन, सरस्वती राघव, भावना राजपूत, यशोदा राजपूत, रेखा शर्मा, दुर्गा पाठक, मोहित शर्मा आदि ने बधाई दी।

## श्री सिद्ध विनायक बाल समिति ने भगवान श्री गणेश की स्थापना की

**जामगांव आर।** श्री सिद्ध विनायक बाल समिति के मार्गदर्शन में ग्राम जरवाय के स्कूल पारा में श्री सिद्ध विनायक बाल समिति के बच्चों द्वारा गणेश उत्सव का आयोजन किया गया है। विदित हो कि बच्चों ने मोबाइल से ध्यान हटाने अपने जेब खर्च की राशि से गणेश उत्सव मनाकर सकारात्मक संदेश समाज को दिया है। बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम पर्यावरण का संदेश देकर स्वास्थ चेतना जन मानस में जगाने का प्रयास किया है। इस आयोजन में खिलेशवर साहू, आशीष, यशवंद, आयुष, यूराज, भुवन, खिलेशवर यादव, दीपक, यादव, नागेश्वर, युगल, संतोष, मुकेश आदि का सराहनीय योगदान है।



# ब्लॉक में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

**गुरूर।** शिशु संरक्षण माह का आयोजन विटामिन ए अनुपूरक कार्यक्रम विकासखंड गुरुर में विटामिन ए अनुपूरक कार्यक्रम का आयोजन 29 अगस्त से 30 सितंबर तक किया जा रहा है। यह आयोजन महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित होगा। इसके तहत उप स्वास्थ्य केंद्र अरमरीकला में सरपंच ग्राम पंचायत अरमरीकला घनेंद्र साहू द्वारा बच्चों को विटामिन ए पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



इसमें विटामिन ए व आयरन सिरप की खुराक एवं गंभीर कुपोषण की पहचान कर पोषण पुनर्वास केंद्र भेजना बच्चों का वजन करना व पोषण आहार देकर सुपोषित करना विटामिन की खुराक से रतौंधी, कुपोषण आयरन सिरप की खुराक से रक्त अल्पता से बचाव करना ताकि बच्चों का शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास हो सके। विकासखंड में लक्षित समूह के 1 से 5 वर्ष के लगभग 9254 बच्चों को जिनमें विटामिन ए की खुराक 7328 व आयरन सिरप की खुराक 9119 बच्चों को पिलाई जाएगी, जिनके लिए कुल 360 सत्र आयोजित की जाएगी, जो आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य केंद्रों में होगी, जिनका सतत निरीक्षण ब्लॉक टीम व सेक्टर स्तर से सेक्टर सुपरवाइजरो के माध्यम से किया जाएगा।

# युवा शक्ति गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने स्वच्छता दीदियों को किया सम्मान

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय श्री गणराज युवा शक्ति गणेशोत्सव द्वारा मुख्य मार्ग पर श्रीगणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। समिति में मुख्य रूप से शयल जैन, अक्षत जैन, हर्षवीर कसार, संयम जैन, जयकरण लोढ़ा, अंश ठाकुर, अरिहंत भंसाली, नमन लोढ़ा, ऋषि जैन, दीपक गुप्ता, यश तांडेकर सम्मिलित है।

समिति द्वारा प्रतिदिन महाआरती का आयोजन किया जाता है, जो नगर में मुख्य भूमिका निभाने वाले नागरिकों को सम्मलित कर की जा रही है। समिति के बच्चों द्वारा नगर में एक अच्छा संदेश पेश किया जा रहा है। नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में मुख्य भूमिका निभाने वाली स्वच्छता समूह की महिलाओं द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया एवं समिति द्वारा उन्हें श्रीफल तिलक



लगाकर सम्मानित कर सम्मान रूप में साड़ी भेंट की गई। समिति के बच्चों ने इस कार्य के लिए उन्हें धन्यवाद भी दिया, जो कि निश्चित रूप से ही नगर को स्वच्छ बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। नगर पंचायत डौंडीलोहारा की सभी सफाई मित्रों, स्वच्छता कर्मियों, डामेश्वरी कोलियारे, लक्ष्मी उइके, रेखा कोषमा, लक्ष्मी कोषमा, पेमीन उइके, नेमिन कोषमा, लता मालेकर,, रेवती निषाद, दानेशवरी निषाद, मिना चंदेल, पूर्णिमा रावत, ललिता निषाद, पवन कुमारी, हेमीन यदु, दसोदा पटेल, मीना तमोरिया, मीना खरे को समिति ने सम्मानित किया एवं आभार व्यक्त किया।आयोजन मे मुख्य रूप से संदीप जैन, जयेश ठाकुर,सुलेखा जैन, माया ठाकुर, मोना जैन, मिताली जैन, प्रिया ठाकुर, माही ठाकुर, अंतरा भंसाली, आन्या भंसाली, अनंत भंसाली, स्विकृती जैन उपस्थित थीं।

## गैंजी के सांस्कृतिक कला मंच में विराजे विघ्नहर्ता



**डौंडीलोहारा।** ग्राम गैजी के सांस्कृतिक कला मंच में बाल युवा समिति द्वारा विघ्नहर्ता गणपति बप्पा का श्री विग्रह वेद मंत्र एवं नाम मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक स्थापित किया गया। गणेश स्थापना पर पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। संध्या के समय तीजिहारिन बहनों ने पूजा सामग्री के रूप में पुष्प, दूब, बेलपत्र, नारियल, अगरबत्ती आदि अर्पित कर गणपति बप्पा की आराधना की। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भगवान गणेश का दर्शन कर पूजा-अर्चना की और मंगलमय वातावरण में प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य भूपेश भुआर्य, सोनू, मोनू साहू, पेमेंद्र कुमार, धनेन्द्र, आकाश सिन्हा, भास्कर देशमुख, विनय देशमुख, सुरेश साहू, प्रताप देशमुख, जीतेन्द्र भुआर्य और रोहन देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। गणपति स्थापना के साथ ही सांस्कृतिक मंच पर आगामी दिनों में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा भी तैयार की गई है।

## अग्र गौरव अलंकरण से वंश सम्मानित

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अग्र अलंकरण समारोह में मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के सुपुत्र वंश अग्रवाम्को एमबी में दो बार गोल्ड मेडल मिलने पर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक संपतलाल अग्रवाल, राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल, सियाराम अग्रवाल आदि ने वंश को अग्र गौरव अलंकरण से सम्मानित किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### कैंप में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, नेत्र, दंत जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया

# रजत महोत्सव पर महतारी मेगा हेल्थ कैंप लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

एकीकृत बाल विकास परियोजना गुण्डरदेही के तत्वाधान में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव महतारी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। कार्यक्रम में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, जनपद अध्यक्ष पुरुषोतम चंद्राकर व दंतेश्वरी निषाद की उपस्थित रही।

महतारी मेगा हेल्थ कैंप में विकासखंड गुण्डरदेही के विभिन्न ग्रामों से आए हुए महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें महिलाओं का बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, नेत्र एवं दंत जांच एवं स्वास्थ्य जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया। विशेष आवश्यकता





वाले महिलाओं का एक्सरा, सोनोग्राफी भी करवायी गई। बुजुर्ग महिलाओं को उनके आवश्यकता अनुसार विटामिन का सिरप, आयरन, कैल्शियम का दवाई भी दी गई। इस दौरान विधायक ने सभी माताएं व बहनों से कहा कि अपने स्वास्थ्य का बेहतर ध्यान रखें, साथ ही स्वस्थ महिला अपने परिवार को स्वस्थ रखने और पालन पोषण का काम करती है अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे, समय समय पर स्वास्थ्य जांच का लाभ जरूर लेती रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ अवश्य ले सभी माताएं अपने एवं अपने बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

इस अवसर पर कुलदीप साहू, लिखन निषाद, सलीम खान रिजवान तिगाला, महिला एवं बाल विकास विभाग समिति सभापति हेमलता देशलहरे, महिला एवं बाल विकास विभाग समिति सदस्य संध्या मनोज खरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बालोद समीर पाण्डे, अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा, बाल संरक्षण अधिकारी जिला बालोद गजानन साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग गुण्डरदेही एवं समस्त पर्यवेक्षक खलेश्वरी नेताम व जनप्रतिनिधि ग्रामीणजन उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411